कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- एक अधिसूचना में, केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के तहत डीजीएफटी ने अरहर और उड़द के निःशुल्क आयात के मानदंडों को एक साल के लिए 31 मार्च, 2023 तक बढ़ा दिया है।
- कपास की रिकॉर्ड उच्च कीमतों के कारण, कपास उद्योग के कारोबारी सरकार से कपास स्टॉक घोषणा को अनिवार्य रूप से लागू करने और देश में कपास के 40 लाख गांठ शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने के लिए कहा हैं।
- सरकार ने यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण खाद्य तेलों और तिलहनों के आयात में आपूर्ति प्रतिबंधों को देखते हुए 31 दिसंबर तक खाद्य तेलों और तिलहनों पर लगाए गए स्टॉक की सीमा बढ़ा दी है।
- रूस भारत को अपने कच्चे तेल को युद्ध से पहले कीमत पर 35 अमेरिकी डॉलर की छूट के साथ पेशकश कर रहा है।
- अर्जेंटीना ने सोयाबीन तेल और सोयामील पर निर्यात कर 31 दिसंबर, 2022 तक बढ़ाकर 31% से 33% कर दिया है।
- आईजीसी ने काला सागर क्षेत्र से मकई और गेहूं के निर्यात में गिरावट के कारण वित्त वर्ष 2021-22 में वैश्विक स्तर पर अनाज निर्यात के लिए अपने अनुमान को फरवरी के अनुमान से 9 मिलियन टन घटाकर 415 मिलियन टन कर दिया।
- बाइडेन प्रशासन अमेरिकी भंडार से करीब छह महीने तक प्रतिदिन करीब 10 लाख बैरल तेल छोड़ने की योजना पर विचार कर रहा है।
- कृषि मंत्रालय के अनुसार, रूस सूरजमुखी के बीज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाएगा और 15 अप्रैल से 31 अगस्त के बीच 1.5 मिलियन टन सूरजमुखी तेल का निर्यात कोटा लगाएगा।
- दुनिया में तांबें के सबसे बड़े उत्पादक चिली में तांबे का उत्पादन साल-दर-साल 7% गिरकर फरवरी में 399,817 टन रह गया।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	25.03.22	31.03.22	बदलाव (%)
जौ	2468.50	3056.50	23.82%
मक्का	2232.00	2406.00	7.80%
ग्वारगम	11457.00	12172.00	6.24%
धनिया	10856.00	11196.00	3.13%
ग्वारसीड	6172.00	6331.00	2.58%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	25.03.22	31.03.22	बदलाव (%)
कपास	2080.00	2197.50	5.65%
मेंथा ऑयल	1052.50	1091.80	3.73%
नेचुरल गैस	426.40	436.40	2.35%
जिंक	338.05	344.50	1.91%
रबर	17347.00	17611.00	1.52%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	25.03.22	31.03.22	बदलाव (%)
कॉटनऑयलसीडकेक	3290.00	3175.00	-3.50%
गेहूं	2307.00	2230.00	-3.34%
मूंग	7372.00	7166.00	-2.79%
रिफाइंड सोया तेल	1523.50	1499.00	-1.61%
स्टील	58670.00	57830.00	-1.43%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	25.03.22	31.03.22	बदलाव (%)
निकल	2680.30	2410.00	-10.08%
कच्चा तेल	8618.00	7766.00	-9.89%
एल्युमीनियम	291.45	281.95	-3.26%
चांदी	68836.00	67487.00	-1.96%
सोना	51876.00	51585.00	-0.56%

साप्ताहिक समीक्षा

कुछ सकारात्मक शांति वार्ता के बावजूद सीआरबी इंडेक्स में निचले स्तरों से रिकवरी हुई। डॉलर इंडेक्स में गिरावट और ट्रेजरी यील्ड में भी नरमी ने कमोडिटीज को आकर्षक बना दिया। अमेरिका से रणनीतिक भंडार से तेल जारी करने की खबरों के बीच सकारात्मक बातचीत से ऊर्जा की कीमतों में गिरावट हुई। तेल की कीमतें गुरुवार को 5 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में करने के लिए कई महीनों तक अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) से 180 मिलियन बैरल तक तेल जारी करने पर विचार कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने तेल आपूर्ति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को एक आपात मंत्रिस्तरीय बैठक बुलाई है। इसके अलावा, ओपेक+ के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन संकट के कारण कीमतों में वृद्धि और संयुक्त राज्य अमेरिका एवं अन्य देशों की ओर से अधिक आपूर्ति के लिए मांग के बावजूद, रूस सहित उत्पादक गठबंधन के धीरे-धीरे तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने मौजूदा सौदे पर टिके रहने की संभावना है। रॉयटर्स के अनुसार, वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति में व्यवधान 5-6 मिलियन बैरल प्रति दिन के करीब पहुंच रहा है, क्योंकि प्रतिबंधों, युद्ध और बुनियादी ढांचे की विफलताओं के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है, जैसे कि मांग अब तक के उच्च स्तर के करीब पहुंच रही है। नेचुरल गैस की कीमतें 431.8 के उच्च स्तर पहुंच गई लेकिन उच्च स्तर पर कायम नहीं रह सकी। रूस द्वारा कीव और उत्तरी यूक्रेन में सैन्य अभियानों में कटौती करने का वादा करने के बाद सर्राफा की सुरक्षित निवेश के रूप में मांग कम हो गई। बेस मेटल में मिलाजुला कारोबार हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से एल्युमीनियम की कीमतों में भी गिरावट हुई है। अन्य धातुएं हरे निशान में बंद हुई हैं। रूस-यूक्रेन वार्ता को लेकर व्यापक संदेह के बीच ऊर्जा संकट फिर से उभर आया । फिर भी, दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता चीन में मांग को लेकर चिंता बनी हुई है। चीन के वित्तीय केंद्र शंघाई ने कोरोनोवायरस वृद्धि को रोकने के लिए दो-चरण का एक नियोजित लॉकडाउन शुरू किया और कहा कि सभी कंपनियां और कारखाने मैनुफैक्चरिंग को निलंबित कर दें। शिपिंग आंकड़ों से पता चला है कि यूक्रेन में युद्ध के कारण कंपनी के वैश्विक संचालन में बाधा आने से गिनी में एल्युमीनियम की रूसी दिग्गज कंपनी रुसल की बॉक्साइट खदानों से अयस्क की खेप रुक गई है। यूरोपीय स्मेल्टर के बंद होने से जिंक की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब पहुंच गई है। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के कारण पहले से ही अधिक लागत से जूझ रही यूरोपीय स्मेल्टरों पर अधिक दबाव पड़ रहा है।

कृषि कमोडिटीज में, उत्पादन में कमी की आशंका और निर्यात के लिए कच्चे कपास की अधिक मांग के कारण वर्तमान समय में कपास की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 100% अधिक हैं जबकि इस वर्ष अब तक 25.3% बढ़ी है। ग्वारसीड वायदा (अप्रैल) की कीमतें एक महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, लेकिन अधिक कीमतों पर बिकवाली के कारण थोड़ी गिरावट के साथ बंद हुई। ग्वारगम की अच्छी निर्यात मांग से इस हफ्ते कीमतों में 3 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है। जनवरी में, ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 5% बढ़कर 22300 टन हो गया, जबकि 2021/22 (अप्रैल-जनवरी) में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 38.4% बढ़कर 2.64 लाख टन हो गया। चालू माह में निर्यात कम होने के बावजूद जीरा वायदा की कीमतें उच्च स्तरों पर कायम है क्योंकि आवक पिछले साल की तुलना में कम हैं

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	25.03.22	31.03.22	(%)
जौ	जयपुर	3,067.25	3,112.00	1.46
चना	दिल्ली	5,147.20	5,153.40	0.12
धनिया	कोटा	10,594.65	10,750.00	1.47
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,441.00	1,411.30	-2.06
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,164.15	1,169.00	0.42
ग्वारसीड	जोधपुर	6,150.00	6,335.00	3.01
ग्वारगम	जोधपुर	11,500.00	12,240.00	6.43
जीरा	ऊंझा	21,118.20	21,150.00	0.15
सरसों	जयपुर	7,230.55	7,173.95	-0.78
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,525.00	1,500.00	-1.64
सोयाबीन	इंदौर	7,777.00	7,824.00	0.60
हल्दी	निजामाबाद	8,202.65	8,300.00	1.19
गेहूं	दिल्ली	2,317.20	2,270.60	-2.01
कॉटन	कड़ी	40,874.60	42,547.80	4.09
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	3,352.50	3,300.00	-1.57

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	25.03.22	31.03.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	3,605.00	3,491.00	-3.16
तांबा	LME	नकद	10,267.00	10,375.00	1.05
लेड	LME	नकद	2,350.50	2,416.00	2.79
निकल	LME	नकद	35,491.00	32,107.00	-9.53
जिंक	LME	नकद	4,066.50	4,173.50	2.63
सोना	COMEX	जून	1,959.80	1,954.00	-0.30
चांदी	COMEX	मई	25.62	25.13	-1.91
लाइट क्रूड	NYMEX	मई	113.90	100.28	-11.96
नेचुरल गैस	NYMEX	मई	50,611.00	5.642	-99.99

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	25.03.22	31.03.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	मई	17.10	16.18	-5.38
सोया तेल	CBOT	मई	74.75	69.94	-6.43
कॉटन	ICE	मई	135.90	135.69	-0.15
सीपीओ	BMD	जून	6,027.00	5,705.00	-5.34

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	25.03.22 क्वांटिटी	31.03.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	4200	4150	-50
कैस्टर सीड	मी.टन	3162	3228	66
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	169	557	388
ग्वारगम	मी.टन	78936	76702	-2234
ग्वारसीड	मी.टन	21206	21466	260
मक्का	मी.टन	33226	32959	-267
जीरा	मी.टन	1089	1089	0
सोयाबीन	मी.टन	5222	5640	418
हल्दी	मी.टन	1665	1387	-278
स्अील लांग	मी.टन	1700	2000	300

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	25.03.22 क्वांटिटी	31.03.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	5,103	6,790	1688
तांबा	मी.टन	1,838,501	1,830,398	-8103
सोना	किग्रा	684	888	204
सोना गिनी	किग्रा	14,208	14,208	0
सोना मिनी	किग्रा	995,200	631,900	-363300
लेड	किग्रा	2,984	3,746	762
निकल	किग्रा	434,568	406,177	-28391
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	57,584	64,079	6495
जिंक	मी.टन	833	500	-333

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 25.03.22	स्टॉक की स्थिति 31.03.22	अंतर
एल्युमीनियम	684,250	654,475	-29,775
तांबा	800,675	87,925	-712,750
निकल	73,074	72,540	-534
लेड	38,725	38,725	-
जिंक	142,950	142,100	-850

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	अप्रैल	21530.00	03.01.22	तेजी	17500.00	21450.00	-	21400.00
NCDEX	ग्वारसीड	अप्रैल	6331.00	01.04.22	तेजी	6400.00	6250.00	-	6200.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अप्रैल	3175.00	15.12.21	तेजी	2800.00	3030.00	-	3000.00
MCX	रबर	अप्रैल	17611.00	14.12.21	मंदी	17800.00	-	18250.00	18300.00
MCX	मेंथा ऑयल	अप्रैल	1091.80	31.03.22	तेजी	1070.00	1005.00	-	1000.00
MCX	बुलडेक्स	अप्रैल	15164.00	07.02.22	तेजी	14100.00	14600.00	-	14600.00
MCX	चांदी	मई	67487.00	07.02.22	तेजी	61900.00	65200.00	-	65000.00
MCX	सोना	जून	52166.00	07.02.22	तेजी	48200.00	51200.00	-	51000.00
MCX	मेटलडेक्स	अप्रैल	21100.00	16.12.21	तेजी	16700.00	20600.00	-	20500.00
MCX	तांबा	अप्रैल	821.45	16.12.21	तेजी	740.00	785.00	-	780.00
MCX	लेड	अप्रैल	185.65	16.12.21	तेजी	186.00	180.50	-	180.00
MCX	जिंक	अप्रैल	344.50	16.12.21	तेजी	275.00	327.00	-	325.00
MCX	निकल	अप्रैल	2410.00	16.12.21	तेजी	1530.00	2250.00	-	2200.00
MCX	एल्युमिनियम	अप्रैल	281.95	16.12.21	तेजी	218.00	272.00	-	270.00
MCX	एनर्जीडेक्स	अप्रैल	8258.00	04.01.22	तेजी	5700.00	7850.00	-	7800.00
MCX	कच्चा तेल	अप्रैल	7766.00	04.01.22	तेजी	5800.00	7100.00	-	7000.00
MCX	नेचुरल गैस	अप्रैल	436.40	15.02.22	तेजी	320.00	395.00	-	390.00

*31/03/2022 का बंद भाव

नोट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी। उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए, जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

कच्चा तेल (अप्रैल) एमसीएक्स

जीरा (अप्रैल) एनसीडीईएक्स

तांबा (अप्रैल) एमसीएक्स

कच्चा तेल (अप्रैल) एमसीएक्स

एमसीएक्स में कच्चा तेल (अप्रैल) कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2022 को 333.70 रू पर बंद हुआ। 08 मार्च 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 9684.00 रू के उच्च स्तर पर था। 27 जनवरी 2022 को 6340.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 47.31 है। 7300.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7900.00 रू के टारगेट के लिए 7500.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

जीरा (अप्रैल) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में जीरा(अप्रैल) कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2022 को 21125.00 रू पर बंद हुआ। 23 जनवरी 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 22800.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 22 दिसम्बर 2021 को 16910.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 60.187 है। 21300.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 22300.00 रू के टारगेट के लिए 21640.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

तांबा (अप्रैल) एमसीएक्स

एमसीएक्स में तांबा (अप्रैल) कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2022 को 821.45 रू पर बंद हुआ। 07 मार्च 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 88.35 रू के उच्च स्तर पर था। 09 फरवरी 2022 को 758.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 58.97 है। 820.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 790.00 रू के टारगेट के लिए 810.00 रू के नीचे बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

घरेलू मसाला उद्योगों से मांग में बढ़ोतरी और हाजिर बाजार में कम आवक के कारण हल्दी वायदा (अप्रैल) की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही। बाजार सूत्रों के अनुसार कीमतों में गिरावट की स्थिति में मुख्य हाजिर बाजारों में आवक स्थिर हो गई है। अब कीमतें 8620 पर अहम सपोर्ट के साथ 9500 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती है। वर्तमान में, कीमतें पिछले साल की तुलना में 4.5% अधिक हैं, लेकिन जनवरी के बाद से कीमतों में लगभग 9% की गिरावट हुई हैं। नए सीजन की हल्दी बाजार में दस्तक दे रही है और सीजन बढ़ने के साथ निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। 2021/22 सीजन के लिए सरकार के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2021-22 में हल्दी का उत्पादन 11.76 लाख टन होने का अनुमान है, जो 2020-21 में 11.24 लाख टन था। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में हल्दी का निर्यात दिसंबर 2021 के 14275 टन की तुलना में 25% घटकर 10,600 टन रह गया है। वित्त वर्ष 2021/22 के पहले 10 महीनों (अप्रैल-जनवरी) में, निर्यात पिछले साल की तुलना में 20.1% घटकर 1.27 लाख टन रह गया है लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 9.2% अधिक है।

जीरा वायदा (अप्रैल) की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त बनी हुई है, क्योंकि मसाला उद्योगों से मांग में बढ़ोतरी हुई है जबकि निर्यात घट रहा है। कीमतों के 21125 पर सपोर्ट के साथ 22700 तक बढ़ने की संभावना है। नए सीजन के जीरे की अधिकतम आवक का सीजन शुरू हो गया है लेकिन आवक पिछले साल की तुलना में कम दर्ज की गई है। उंझा में पुरानी और नई फसल की आवक पिछले वर्ष लगभग 44,000 बैग की तुलना में प्रतिदिन लगभग 26000 बैग (1बैग=55 किग्रा) रह गई है। नए साल में, जीरा की कीमतों में 32.5% से अधिक की वृद्धि हुई है और वर्तमान में कम उत्पादन की खबरों पर कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 49.2% अधिक हैं। बागवानी फसलों के पहले सरकारी अग्रिम अनुमान के अनुसार 2021-22 में जीरे का उत्पादन 7.25 लाख टन होने का अनुमान है, जो 2020-21 में 7.95 लाख टन उत्पादन हुआ था। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में जीरा निर्यात 19% बढ़कर 14725 टन हो गया, जबकि दिसंबर 2021 में 12385 टन था। लेकिन अप्रैल-जनवरी में जीरा का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 23% घटकर 1.88 लाख टन रह गया है जबकि पिछले साल 2.44 लाख टन हुआ था।

धनिया वायदा (अप्रैल) की कीमतों में 3 महीने में सबसे बड़ी साप्ताहिक उछाल देखी गई और यह 6 साल से अधिक के उच्च स्तर पर कारोबार कर रही है, जो मुख्य रूप से हाजिर बाजार में आवक कम होने से हुई है, जबकि मसाला निर्माताओं की ओर से घरेलू मांग में वृद्धि हुई। अब कीमतों के 10900 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 12500 के ऊपर कारोबार करने की संभावना है। वर्तमान में कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 58.3% अधिक और जनवरी के बाद से 27.7% अधिक हैं जबकि निर्यात कम हो रहा है। मसाला कंपनियों ने इस साल कीमतों में गिरावट का इंतजार किया, लेकिन उन्हें कीमतों में कोई कमी नहीं दिखी और अब उन्होंने अपनी खरीदारी शुरू कर दी है, जिससे आने वाले हफ्तों में कीमतों को समर्थन मिलेगा। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में धनिया का निर्यात दिसंबर 2021 में 4630 टन की तुलना में 15% कम होकर 3590 टन रह गया है, जबकि वित्त वर्ष 2021/22 (अप्रैल-जनवरी) में निर्यात पिछले साल के 48,350 टन से 15% घटकर 41,100 टन हुआ है, लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 11% अधिक है।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (अप्रैल) की कीमतों में पिछले सप्ताह 43380 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद थोड़ी गिरावट हुई है। अब यदि कीमतें 41480 के सपोर्ट स्तर से नीचे टूटती है तो 39500 के स्तर तक नीचे जा सकती है । उत्पादन में कमी की आशंका, धीमी आवक, बेहतर घरेलू और निर्यात मांग के कारण वर्तमान समय में कपास की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 99% अधिक हैं और नए साल में लगभग 25.3% बढ़ी है। यूएसडीए की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले सीजन(2022) में कपास की बुआई कुल 12.2 मिलियन एकड़ में होने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। मार्च की अपनी नवीनतम रिपोर्ट में, यूएसडीए ने 2021-22 में वैश्विक कपास उत्पादन अनुमान को फरवरी 2022 में अनुमानित 120.2 मिलियन गांठ की तुलना में घटाकर 119.9 मिलियन् गांठ (1यूएस गांठ= 218 किग्रा) कर दिया। 2021/22 में विश्व स्तर कपास का अंतिम स्टॉक अब पिछले महीने की तुलना में 1.7 मिलियन गांठ कम होकर 82.57 मिलियन गांठ रह सकता है। भारत में कपास का उत्पादन लगातार दूसरे महीने 500,000 गांठ घटकर 26.50 मिलियन गांठ रहने का अनुमान है।

देश से ग्वारगम के निर्यात में बढ़ोतरी के कारण पिछले सप्ताह ग्वारसीड वायदा (अप्रैल) की कीमतों में तेजी रही। अब अगर कीमतें 6500 के रेजिस्टेंस स्तर को पार करती है तो 7000 के स्तर तक बढ़त दर्ज कर सकती हैं। सपोर्ट 6050 के स्तर पर है। वर्तमान में, पिछले 5 वर्षों में सबसे कम उत्पादन, कई वर्षों में कम स्टॉक और अच्छी निर्यात मांग की संभावना से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 68%अधिक हैं। तेल रिगों की संख्या भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 253 बढ़कर 670 हो गई है। जनवरी 2022 में ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 5% बढ़कर 22300 टन हो गया है, जबकि 2021/22 (अप्रैल-जनवरी) में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 38.4% बढ़कर 2.64 लाख टन हुआ है।

आपूर्ति और मांग की संतुलित स्थिति के कारण अरंडी वायदा(अप्रैल) की कीमतें 7100-7400 के दायरे में कारोबार कर रही है। इसे अब तक के उच्चतम स्तर 7430 पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है। रुझान सकारात्मक है और यदि यह अपने रेजिस्टेंस को पार करती है तो यह 7600 तक बढ़ सकती है। अधिक मांग और कम उत्पादन अनुमान के कारण वर्तमान में अरंडी की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 49.8% अधिक हैं, जबकि इस वर्ष कीमतों में 24.5% से अधिक की वृद्धि हुई है। एसईए के अनुसार, फरवरी 2022 में अरंडीमील का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 40% बढ़कर 32000 टन हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021/22 के लिए कुल निर्यात पिछले वर्ष के 3.90 लाख टन से लगभग 5.5% घटकर 3.60 लाख टन रह गया। इसी तरह, फरवरी 2022 में अरंडी के तेल का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 7% बढ़कर 50,200 टन हो गया, जबकि यह अप्रैल-फरवरी की अवधि के लिए 6.1 लाख टन के बराबर है।

आने वाले सीजन में कम रकबे की उम्मीद के चलते मेंथा ऑयल (अप्रैल) की कीमतें लगातार चौथे हफ्ते बढ़त के साथ बंद हुई। तत्काल रेजिस्टें 1110 के स्तर पर है और सपोर्ट 1060 पर है। कीमतों में तेजी का रूझान है और आने वाले हफ्तों में 1100 के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। इस सीजन में मेंथा का रकबा कम रहने की उम्मीद है क्योंकि उत्तर प्रदेश के किसानों के इस सीजन में कम रकबे में बुवाई करने की संभावना है, जबकि निर्यात और मांग पिछले कुछ वर्षों में बढ़ रही है।

सर्राफा

2020 के मध्य में महामारी के कारण उछाल के बाद से सोने की कीमतों में सबसे अधिक तिमाही बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि उपभोक्ता कीमतों में बढ़ोतरी और यूक्रेन संकट के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई। भू-राजनीतिक तनाव अब एक महीने से बना हुआ है और मुद्रास्फीति के आंकड़ों में वृद्धि जारी है। इसलिए इस बाजार में अभी कुल सेंटीमेंट यह है कि लोगों को सुरक्षा की तलाश में है। राजनीतिक और वित्तीय अनिश्चितता के समय में सोने को एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकी उपभोक्ता खर्च फरवरी में काफी धीमा हो गया, क्योंकि कीमतों का दबाव बढ़ता रहा, और 1980 के दशक की शुरुआत के बाद से मुद्रास्फीति में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि हुई। 24 फरवरी को शुरू हुए रूस के आक्रमण के कारण तेल और औद्योगिक धातुओं की कीमतों को मदद मिली है। फेडरल रिजर्व ने इस साल बढ़ती मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए आक्रामक दरों में बढ़ोतरी का संकेत दिया है, जिससे निवेशकों को डर है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमेपन का शिकार हो सकती है। गुरुवार को बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में गिरावट से भी सोने की कीमतों मदद मिली। अमेरिकी डॉलर 0.6% गिरकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया, जिससे अन्य मुद्रा धारकों के लिए सोना सस्ता हो गया। यूक्रेन और रूस के बीच मौजूदा स्थिति, शांति वार्ता के बाद अब फिर से बिगड़ती जा रही है और सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए यह अभी भी अहम कारक बना हुआ है। वर्तमान में, सोने की कीमतें 1,950 डॉलर प्रति औंस से नीचे अहम रेजिस्टेंस का सामना कर रही हैं। टेक्निकल स्तर पर कोमेक्स पर सोने की कीमतों को 1960 डॉलर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है और जब तक कीमतें इस स्तर से नीचे बनी रहती हैं जो हर बढ़ोतरी के बाद बिकवाली की जा सकती है। एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 50100-53500 के व्यापक दायरे में कारोबार कर सकती है। चांदी की कीमतें 65000-69000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल में पूरे सप्ताह बिकवाली का दबाव देखा गया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस-यूक्रेन संकट के बाद बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए मई से शुरू होने वाले छह महीनों में प्रति दिन 1 मिलियन बैरल तेल जारी करने की घोषणा की। नाइमेक्स पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट के मई कॉन्ट्रैक्ट की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के निशान से नीचे फिसल गई। कीमतों में गिरावट सीमित रहने की संभावना है क्योंकि अमेरिकी तेल भंडार से तेल जारी करने की योजना रूसी आपूर्ति में कमी की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, रूस वैश्विक बाजारों में तेल का सबसे बड़ा निर्यातक है और सऊदी अरब के बाद दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल निर्यातक है। दिसंबर 2021 में, इसने प्रति दिन 7.8 मिलियन बैरल का निर्यात किया। रूस-यूक्रेन संघर्ष से पहले भी तेल की कीमतें बढ़ रही थीं, क्योंकि मांग में कमी के बावजूद महामारी पर अंकुश लगाने और आपूर्ति को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन यूक्रेन पर आक्रमण के बाद क्रेमलिन पर पश्चिम के प्रतिबंधों के कारण वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 139.13 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं, जो 2008 के बाद से सबसे अधिक है। तब से कीमतों में काफी हद तक कमी आई है, क्योंकि चीन में कोविड-19 मामले में फिर से उछाल के बाद और प्रमुख शहरों में आवजाही पर अंकुश के कारण मांग की चिंताओं के कारण कीमतों में कमी आई है। इस सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतें 7400-8080 के दायरे में कारोबार कर सकती है, जहां हम दोनों तरफ उतार-चढ़ाव देख सकते हैं। पहले की अपेक्षा अगले दो सप्ताह में अधिक मांग के पूर्वानुमान के कारण नेचुरल गैस की कीमतें बढ़ीं। रूस का गजप्रोम रूबल में भुगतान के मुद्दों के बीच यूरोप को गैस की आपूर्ति रोकने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह में नेचुरल गैस की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है जहां सपोर्ट 390 के करीब और रेजिस्टेंस 470 के करीब रह सकता है।

बेस मेटल

मांग को लेकर चिंता के कारण बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं क्योंकि शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में फैक्ट्री गतिविधि में पिछले महीने दो साल में सबसे तेज गति से गिरावट और कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी और संबंधित प्रतिबंधों से मांग प्रभावित हुई है। शंघाई शहर के पश्चिमी आधे हिस्से में भी कोविड प्रतिबंधों का विस्तार किया जा रहा है जबकि पूर्वी भाग पर पहले से प्रतिबंध लागू है और जहां लोग पिछले सप्ताह से ही घर में रहने के लिए मजबूर हैं। अमेरिकी नौकरियों के आंकड़ों के बाद यदि डॉलर प्रमुख समकक्षों की तुलना में मजबूत होतर है, तो इस काउंटर पर दबाव रह सकता है। लेकिन धातु की कीमतों में और वृद्धि जारी रह सकती है क्योंकि मुद्रास्फीति के कारण निवेशक कमोडिटीज की ओर आकर्षित होते हैं जबकि औद्योगिक धातुओं की कम आपूर्ति और रूसी आपूर्ति को बाधित करने वाले प्रतिबंधों के जोखिम से भी कीमतों में वृद्धि होती है। तांबे की कीमतें 790-840 के दायरे में कारोबार कर सकती है। दुनिया के सबसे बड़े धातु उत्पादक चिली में तांबे का उत्पादन साल-दर-साल 7% गिरकर फरवरी में 399,817 टन रह गया। आईसीएसजी ने कहा कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तांबा उत्पादक देश पेरू और इंडोनेशिया में अधिक उत्पादन के कारण 2021 में खदानों से तांबा उत्पादन में लगभग 2.3% की वृद्धि हुई। जिंक की कीमतें 330 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 355 तक बढ़ सकती है। लेड की कीमतें 180-190 के दायरे में कारोबार कर सकती है। रूसी संकट और ऊर्जा की अधिक लागत के कारण यूरोपीय स्मेल्टर व्यवधानों के बढ़ते जोखिमों के कारण 2022 में रिफाइंड जिंक की भारी कमी के अनुमान से जिंक की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। निकल की कीमतें 2250-2000 के दायरे में कारोबार कर सकती है। ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार टेस्ला इंक ने निकल की आपूर्ति के लिए ब्राजील की खनन कंपनी वेले एसए के साथ एक अज्ञात सौदा हासिल किया है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी बनाने के लिए आवश्यक है। एल्युमीनियम की कीमतें 275-290 के दायरे में कारोबार कर सकती है। कच्चे तेल की कम कीमतों से भी एल्युमीनियम की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है।

भारत का कृषि निर्यात..... आत्मनिर्भरता की एक नई पटकथा

आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं क्योंकि यह किसी भी देश के आर्थिक विकास, रोजगार और भुगतान संतुलन के स्तर को प्रभावित करता है। निर्यात में तीव्र वृद्धि एक अधिक प्रतिस्पर्धी, तकनीकी रूप से परिपक्व, उत्पादक और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की ओर ले जाती है। यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक विकास को लेकर निराशा और अनिश्चितता के बीच निर्यात के मोर्चे पर भारत खुश हो सकता है क्योंकि वित्त वर्ष 22 में देश का निर्यात पहली बार 400 बिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले रिकॉर्ड 330 बिलियन डॉलर से अधिक है, जो 2018-19 में हासिल किया गया था। वैश्विक अर्थव्यवस्था को खोलने और कमोडिटीज की अधिक कीमतों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों, धातु और स्टील के निर्यातकों मदद मिली। यह उपलब्धि उल्लेखनीय है क्योंकि वित्त वर्ष 22 में कोविड महामारी का दो बार प्रकोप, विशेष रूप से वित्तीय वर्ष की शुरुआत में अप्रैल से जुलाई तक भयानक दूसरा प्रकोप, देखा गया ।

कृषि क्षेत्र ने भी निर्यात में योगदान दिया, विशेष रूप से महामारी के दौरान, भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य या आवश्यक कृषि उत्पादों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा। वित्त वर्ष 22 के पहले 10 महीनों में भारत के कृषि और संबंधित उत्पादों के निर्यात में 24 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई है। अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त अरब अमीरात में बाजारों तक पहुंच में वृद्धि और सरकार द्वारा लक्षित प्रयासों के तहत भारत से प्रसंस्कृत खाद्य की वैश्विक पहुंच के विस्तार से निर्यात को बढ़ावा मिला। यह गति आगे भी जारी रहने की उम्मीद है और भारत का कृषि निर्यात पहली बार 2022-23 में 50 अरब डॉलर को पार कर सकता है।



स्रोतः वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2021-22 के अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 की अवधि के दौरान, कृषि उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के 32.66 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 25.14% की वृद्धि के साथ 40.87 बिलियन अमरीकी डॉलर हुआ है। सरकार को उम्मीद है कि मार्च 2022 तक इस क्षेत्र से कुल निर्यात बढ़कर 43 अरब डॉलर का हो जाएगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अनुसार, अप्रैल-जनवरी 2021-22 में कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि गैर-बासमती चावल, और गेहूं जैसे अनाज, डेयरी वस्तुओं और चीनी सभी के निर्यात में कम से कम 40 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई है।

औषधीय गुणों वाले अदरक, काली मिर्च, दालचीनी, इलायची, हल्दी और केसर जैसे मसालों के निर्यात में भी काफी वृद्धि हुई है। इस बीच, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने कहा कि झींगा निर्यात पिछले साल के कुल निर्यात मूल्य का लगभग 88 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

यह कैसे हुआ

कृषि निर्यात को बढ़ावा देने वाले सुधारों को आगे बढ़ने के लिए भारत सरकार के निरंतर और ठोस प्रयास अत्यधिक सहायक रहे हैं। भारतीय मिशनों के माध्यम से भारत विदेशों में कदम रखने में सक्षम रहा है और बढ़ी हुई वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए आभासी खरीदारों-विक्रेताओं की बैठकों के माध्यम से बातचीत की, कई बाधाओं को दूर किया, बंदरगाह / सीमा शुल्क / राज्य / जिला अधिकारियों आदि के साथ समन्वय किया। इन सभी प्रयासों के कारण भारत खाद्य और अन्य आवश्यक कृषि उत्पादों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा।

महामारी के समय में, निर्यातकों को खेप/ट्रकों/श्रम की आवाजाही, प्रमाण पत्र जारी करने, प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट, नमूना संग्रह, आदि से संबंधित मुद्दों को हल करने में मदद करने के लिए बनाए गए आपातकालीन कार्रवाई सेल ने निर्यात की वास्तविक समय पर मंजूरी सुनिश्चित की।

स्रोतः एसएंडपी

किसानों/एफपीओ को निर्यात बाजार से सीधे जोड़ने और निर्यातोन्मुखी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 46 अद्वितीय उत्पाद-जिला समूहों को अधिसूचित किया गया है। पहली बार, सरकार किसानों को उनकी उपज के निर्यात में हिस्सेदारी देने के लिए सीधे क्लस्टर और कृषि स्तर पर पहुंच गई है।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।